राष्ट्रीय सम्मेलन

### ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा ज्ञान शिखर के ओम शांति भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# शांत मन से क्रोध और तनाव पर नियंत्रण रखना सहज : जोशी

**इंदौर-ज्ञान शिखर(म.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा ज्ञान शिखर ओम शांति भवन में 'स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में इन्फैंट्री स्कूल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी ने कहा कि जिस प्रकार सुरक्षा सेवाओं में जवानों को शारीरिक प्रशिक्षण तथा अस्त्र-शस्त्र हथियारों की शिक्षा दी जाती है, उसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य का भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए जिससे जवान मन को शांत रखने की कला सीख सकें। शांत मन से क्रोध व तनाव पर नियंत्रण अच्छी तरह से रख सकते हैं। आरएपीटीसी के स्पेशल डी.जी. वरुण कपूर ने कहा कि एक अच्छे राष्ट्र की पहचान वहां की सुरक्षा व्यवस्था ही होती है। स्व सशक्तिकरण के लिए आत्म सुरक्षा आवश्यक है। जीवन में अनुशासन, आदर और ईमानदारी ही आत्म सुरक्षा के सबसे बड़े साधन हैं, जिन्हें अपनाना चाहिए।



कार्यक्रम में इन्फैंट्री स्कूल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी, आरएपीटीसी के स्पेशल डी.जी. वरुण कपूर, सेवा निवृत्त वाइस एडमिरल एस.एन. घोरमड़े, इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी, कॉर्पोरेट ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर मुम्बई के डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन, ब्रह्माकुमारीज़ सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर अशोक गाबा व मुंबई से आईं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. दीपा दीदी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

सेवा निवृत्त वाइस एडमिरल एस.एन. घोरमड़े ने बताया कि जैसे देश के बाहरी दुश्मनों पर विजय पाने के लिए सुरक्षा तंत्र हमेशा चौकन्ना रहता है, इसी तरह मनुष्य अपने मन को भी आत्म अनुशासन के द्वारा सशक्त कर स्वयं के आंतरिक दुश्मन तनाव, भय, चिंता, अशांति पर विजय प्राप्त कर सकता है। मेडिटेशन या ध्यान मन को मज़बूत बनाता है और हमें सदा खुश रहना सिखाता है। कार्य स्थल पर अटेंशन रहे तो मन में टेंशन नहीं आएगा। इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि व्यक्ति राष्ट्र की इकाई है। राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए हमारे सुरक्षा कर्मियों को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक सब प्रकार से सशक्त बनाना होगा। विभिन्न चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच मन को स्थिर रखने के लिए राजयोग मेडिटेशन कारगर उपाय है। कॉर्पोरेट ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर मुम्बई के डॉ. ई.वी. स्वामीनाथन ने कहा कि अपने कर्मक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिदिन कुछ क्षण अपने मन को एकाग्र कर सकारात्मक विचारों से सशक्त करना ज़रूरी है। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर अशोक गाबा ने अपनी शुभकामनाएं दी। नई दिल्ली से आये रक्षा अनुसंधान एवं विकास मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक कैप्टन शिव सिंह ने ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा पूरे विश्व में की जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुंबई से आईं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. दीपा दीदी ने स्व सशक्तिकरण के लिए राजयोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। शक्ति निकेतन की कन्याओं ने स्वागत नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. शिल्पा देसाई ने किया तथा दिल्ली से आईं ब्र.कु. सारिका बहन ने सभी का आभार व्यक्त किया। ब्र.कु. अनीता दीदी ने आगामी सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आरएपीटीसी, बीएसएफ, एसटीसी, सीआईएसएफ, स्टेट व स्थानीय पुलिस बल तथा सेवानिवृत्त कई पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



**ग्वालियर-म.प्र.।** पनिहार स्थित सीआरपीएफ परिसर में परिवार कल्याण केंद्र( आरसीडब्ल्यूए )ग्वालियर में 'हमारे जीवन में त्योहारों का महत्व' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के प्रेरक वक्ता एवं राजयोग ध्यान प्रशिक्षक राजयोगी ब्र.कु. प्रहलाद भाई ने कहा कि त्योहार हमारे जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी है। त्योहार सामाजिक एकता का प्रतीक होते हैं। वे हमें साथ लाते हैं, चाहे हम किसी भी धर्म या संस्कृति से हों। हमारे पारिवारिक सम्बंधों को भी मज़बूत करने में त्योहारों का विशेष योगदान होता है, क्योंकि त्योहार हमें अपनों के साथ समय बिताने का अवसर देते हैं। त्योहारों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो हमारे जीवन में नया उत्साह लाते हैं। कार्यक्रम में आरसीडब्ल्यूए की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता निगम ने कहा कि त्योहार हमें स्व सेवा और दूसरों की सेवा का अवसर प्रदान करते हैं। हमें जीवन के प्रति आभार व्यक्त करने का मौका देते हैं, जिससे हम अपने जीवन में मिली हर छोटी-बड़ी खुशी के लिए आभारी रहते हैं। अंत में उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती भावना गुप्ता, श्रीमती गीता, श्रीमती आशा पाण्डेय, श्रीमती मीना कपूर एवं कैम्प परिसर में तैनात जवानों के परिवारों से 25 सदस्य तथा ब्रह्माकुमारीज़ से सोनल पमनानी एवं परि पमनानी उपस्थित रहे।

# मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है यह संस्थान : चौहान

**झाबुआ म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल विंग एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र शिव स्मृति भवन गोपालपुर में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात् आदिम जाति कल्याण राज्यमंत्री नागर सिंह चौहान ने उपस्थित सभी लोगों से नशे से दूर रहने एवं औरों को नशे से दूर करने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। आपने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित हैं जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए, प्रदेश एवं देश के विकास के लिए नशा मुक्त भारत का निर्माण ज़रूरी है। सांसद अनीता चौहान ने कहा कि आज के समय में हर मनुष्य आत्मा का अध्यात्म के साथ जुड़ना अनिवार्य है क्योंकि आध्यात्मिकता से ही मन शक्तिशाली होता है और जितना हमारा मन शक्तिशाली होगा, उतना हम बुराइयों से बचे रहेंगे। राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा झाबुआ जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए एक बहुत सुंदर रथ का निर्माण किया गया है जो झाबुआ जिले के ग्रामीण क्षेत्र, स्कूल, कॉलेज एवं निचली बस्तियों में जाकर सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा देगा। ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल विंग की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. धरती दीदी,सिनोद गुजरात ने मेडिकल विंग द्वारा देश भर में चल रही सेवाओं का विस्तार से वर्णन किया। सामाजिक न्याय विभाग से आये कलाकार अनु भाबोर, सुमन सलाम व कुसुम जी ने भीली भाषा में नशा मुक्त भारत अभियान का गीत गाया। ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस पुनीत कार्य में सभी को मिलकर सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग, होम गार्ड, पुलिस विभाग, ब्राह्मण समाज, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य, शासकीय नर्सिंग कॉलेज( बाढ़ कुवा ) की छात्राएं, अखिल समाज सेवा दल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष भानु भूरिया आदि शामिल रहे। ब्र.कु. ज्योति बहन,पेटलावद ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**आदिम जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने नशा मुक्ति अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी**



# राजयोग द्वारा विकारों रूपी रावण के दहन से निश्चित ही दुनिया बदल जाएगी

**दशहरे के शुभ अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**राजयोग ध्यान साधना हॉल 'डिवाइन टच' सेवा केंद्र का हुआ लोकार्पण**

**नासिक-महा.।** रावण किसी स्थूल अग्नि में नहीं मरेगा, बल्कि यदि आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से हमारे अंदर के विकारों को भस्म करके रावण को जलाया जाए तो दुनिया अवश्य बदल जाएगी। उक्त विचार माउण्ट आबू से आईं ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी ने व्यक्त किया। इस मौके पर सिंगापुर गार्डन अवंतिका सोसायटी, द्वारका टाकली रोड पर ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित राजयोग ध्यान साधना हॉल 'डिवाइन टच' सेवा केंद्र का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सांसद भास्कर भगरे ने कहा कि डिवाइन टच के नाम से बना यह स्थान बहुत अद्भुत है और इस स्थान पर सृष्टि चक्र का ज्ञान दिया जाता है और आत्मा और परमात्मा का आध्यात्मिक सम्बंध जोड़ा जाता है। विधायक देवयानी फरांदे ने दशहरा की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज में व्यक्ति निर्माण और उसमें आध्यात्मिक जागरुकता पैदा करने का कार्य कर रही है। एमवीआईपीआर के महासचिव नितिन भाऊ ठाकरे भी अपने विचार रखे। बोहरी समाज के नायक अली फखरुद्दीन चोपड़ा वाला ने समाज की ओर से राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी का अभिनंदन किया। ब्र.कु. वसंती दीदी ने द्वारका क्षेत्र में द्वारका सेवाकेंद्र की स्थापना कैसे हुई इसकी यादगार यात्रा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की वरिष्ठ राजयोगिनी बहनों एवं भाइयों सहित जिला सूचना अधिकारी गोपाल सालुंखे, पुलिस उपायुक्त प्रशांत बच्छाव, नगरसेविका अर्चना थोरात, मालेगांव के पुलिस अधीक्षक गजानन राजमाने, चार्टर्ड अकाउंटेंट सतीश कासलीवाल, माय लाइफस्टाइल के डॉ. योगेश निकम, डॉ. मयूरी बच्छाव, पायलट शौर्य कोहक, माउंट आबू से ब्र.कु. जीतूभाई एवं ब्र.कु. नितिन भाई, दैनिक लोकनामा के स्थानीय संपादक चन्द्रशेखर शिम्पी, उप संपादक धनन्जय बोडके, साप्ताहिक आपाला आवाज़ के संपादक अमोल सोनवणे एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।





ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी एवं अतिथियों ने शिव ध्वज फहराकर एवं फीता काटकर कस्बे वणी क्षेत्र में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के नवनिर्मित 'शांतिकुंज' सेवा केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उपसरपंच विलास कद नासिक जिला वारकरी संप्रदाय के अध्यक्ष रायते महाराज, ब्रह्माकुमारीज़ नासिक जिला सेवाकेंद्र प्रमुख ब्र.कु. वासंती दीदी, डॉ. अनिल पवार, बिल्डर आनंद सिसोदिया, माउंट आबू से आये गायक ब्र.कु. नितिन भाई, नासिक रोड सेवाकेंद्र की ब्र.कु. शक्ति दीदी, ब्र.कु. माधव भाई, पीलीबंगा राजस्थान की ब्र.कु. रानी दीदी, ब्र.कु. नरेंद्र जाधव, ब्र.कु. अनिता दीदी सहित अन्य गणमान्य लोग तथा कस्बे वाणी एवं नासिक से बड़ी संख्या में भाई-बहनें उपस्थित रहे।